सार-समाचार

दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया

कोटा, (निसं)। सिंधु सोशल सर्किल द्वारा श्रीनाथपुरम स्थित सर्किल भवन पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रकाश वीर नाथानी एवं प्रेम संतवाणी ने बताया ज्योत से ज्योत जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो गीत पर एक दीपक से श्रृंखलाबद्ध सदस्यों ने 108 दीपक जलाकर समूह गान गया। अध्यक्ष विमल परियानी, संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी सह सचिव सुशील बालचंदानी, एडवोकेट राज ठाकुर, महिला सर्किल सलाहकार भगवंती खूबचंदानी, अध्यक्ष निर्मला आहूजा, सचिव पायल गोपालानी, संयोजक नाथानी, संतवाणी ने दीप प्रज्वलित एवं मां लक्ष्मी तथा भगवान झूलेलाल पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर महिला सर्किल सदस्यों द्वारा कई तरह की रंगोलियां बनाई गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में निर्मला आहूजा ने राम आए हैं, आए हैं पर धमाकेदार प्रस्तुति पर सभी सदस्य एवं महिलाएं झूम उठे। उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने बताया इस अवसर पर आयोजित रैम्प वॉक में कई युगलों ने मंच पर अलग-अलग प्रस्तुतियां देकर माहौल को सतरंगी बना दिया। रैंप वॉक में किशोर-कांता मदनानी एवं किशोर-पिंकी जयसिंघानी को विजेता होने पर पुरस्कृत किया गया। दीपावली से संबंधित प्रश्नोत्तरी में नीना नाथानी तरूणा वालेचा एवं जयपाल लोकवाणी को पुरस्कृत किया गया। विमल परियानी डॉ.राजेश रामवानी एवं बिंदिया नैनानी का जन्मदिन होने पर केक काटकर जोरदार आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य सर्किल सदस्य एवं महिला सर्किल की सदस्य उपस्थित रही।

फरार इनामी आरोपी सहित दो गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। मकबरा पुलिस टीम ने एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कैथूनीपोल पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन गरूडव्यू के तहत अवैध मादक पदार्थ एमडी (मैफेड्रोन) सहित आरोपी तोसिफ खान को गिरफ्तार किया था, मामले का अनुसंधान मकबरा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी लईक अहमद द्वारा किया जा रहा था। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान मे मादक पदार्थ को श्रीपुरा निवासी समीर उर्फ समीरा से लाना बताया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी समीर को काफी तलाश किया लेकिन आरोपी तौफिक की गिरफ्तारी के बाद से ही फरार चल रहा था, आरोपी पर 10 हजार के इनाम राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मकबरा थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी लईक अहमद के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी श्रीपुरा निवासी समीर खान को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि वही दूसरी ओर जवाहर नगर पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन गरूडव्यू के तहत कार्यवाही करते हुए पुर्णतह प्रतिबंधित दो ई-सिगरेट के साथ तलवंडी निवासी जितेन्द्र धाकड़ को गिरफ्तार किया हैं।

योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

कोटा, (निसं)। साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और निर्देश दिए कि टाईमलाईन के अनुसार योजनाओं में प्रगति लाई जाऐं। साथ ही बजट घोषणाओं की भी प्रगति जांची। एडीएम ने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में कोई ढिलाई नहीं रहे और योजनाएं निर्धारित समय पर पूर्ण हों। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिऐं। एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने घूमर महोत्सव के पंजीकरणों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि विद्यालय, महाविद्यालय और संस्थाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पंजीकरण किए जाएं। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, सीईओ जिला परिषद कमल कुमार मीणा, नगर निगम आयुक्त अशोक त्यागी, ओम प्रकाश मेहरा एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए-02 का प्रशिक्षण कल

छबड़ा (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की घोषणा की जा चुकी है। यह कार्यक्रम 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर सात फरवरी 2026 तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु समस्त राष्ट्रीय व राज्य मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा बीएलए-02 की नियुक्ति की गई है। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी रामसिंह गुर्जर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र छबड़ा में बीएलए 2 का प्रशिक्षण छीपाबडौद मुख्यालय के बीएलए हेतु 5 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से 2.30 तक उपखण्ड अधिकारी कार्यालय सभागार छीपाबडौद में आयोजित होगा एवं छबड़ा मुख्यालय हेतु 5 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 तक छबड़ा पंचायत समिति के सभागार में आयोजित होगा।

गैस रिसाव से ठेका कर्मी की मौत

कोटा, (निसं)। रावताभाटा थाना इलाके में रावतभाटा के परमाणु बिजली घर के भारी पानी संयंत्र मे हुए हाईड्रोजन सल्फाईड गैस रिसाव हादसे में ठेका कर्मी की कोटा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रावताभाटा पुलिस ने बताया कि ठेका कर्मी धमेन्द्र लोहार जो पिछले काफी लम्बे समय से पानी संयंत्र में ठेकाकर्मी के रूप में कार्य कर रहा था। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि गैस रिसाव के दौरान अचेतावस्था में इलाज के लिये भर्ती हुए धर्मेन्द्र की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया। मृतक की बहन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मामला 25 अक्टुबर का बताया जा रहा है, गैस रिसाव होने से धमेन्द्र अचेत हो गया जिसको ईलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

अचेत ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

छबड़ा (निसं)। तीन दिन पूर्व खेत में सब्जियों पर कीटनाशक का छिड़काव करते समय अचेत हुए किसान ने कोटा चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी अनुसार 31 अक्टूबर की लगभग सायं 5 बजे छोटे लाल कुशवाह अपने खेत पर लगी सब्जियों में कीटनाशक का छिडकाव कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल छबड़ा राजकीय चिकित्सालय लेकर गए। यहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे कोटा रैफर कर दिया था। सोमवार को कोटा चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही हैं।

केडीए ने ऑक्सीजोन पार्क से डकनिया स्टेशन तक अतिक्रमण हटाया

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ऑक्सीजोन पार्क से डकनिया (न्यू कोटा) स्टेशन की और जाने वाली सड़क रोड़ नम्बर 1 पर सड़क पर अतिक्रमण कर लगाई गई थड़ियों, पक्के स्ट्रक्चर, टीन शेड, ग्लोसाईन बोर्ड, काउन्टर, ठेले इत्यादि हटाए गए।

इस रोड पर अतिक्रमण हटाने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा पिछले एक सप्ताह से मुनादी (अनाउसमेंट) करवाई जा रही थी इसके बाद भी अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

केडीए आयुक्त के आदेशनुसार सड़क पर किए गए अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान मौके पर केडीए सचिव मुकेश चौधरी व निर्देशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर, तहसीलदार ललित नागर, भू.अभि.निरीक्षक शिवप्रकाश टाटू सहित अतिक्रमण निरोधक दस्ता एवं पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा अतिक्रमण हटाये गये हैं।

बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट 5 नवम्बर से

कोटा, (निसं)। बाधित बाल विकास केंद्र स्वर्ण जयंती कप-2025, सेठ गणेशीलाल की स्मृति में बाधित बाल विकास केंद्र राजस्थान की ओर से आयोजित होने जा रहा है, पहली बार प्रदेश स्तरीय बधिर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन कोटा में 5 से 7 नम्बर तक होगा जिसमें प्रदेश के 18 जिलों की टीमें भाग लेंगी और 300 से अधिक खिलाड़ी कोटा पहुंच रहे हैं। बाधित बाल विकास केंद्र की अध्यक्ष सर्वेश्वरी रानीवाला ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह सीखने, सशक्तिकरण और समावेशन के 50 वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय टूनामेंट-अंडर 19 बेहद ही रोमांचक रहेगा। 5 नम्बर को जेके पैविलियन क्रिकेट स्टेडियम, नयापुरा, कोटा में सुबह 8 बजे टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा।

जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। इटावा थाना इलाके में फायरिंग कर जानलेवा हमले के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए फायरिंग में हथियार सप्लाई करने एवं जानलेवा हमले के षडयंत्रकर्ता मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कोटा के अलावा बारां, जयपुर के दर्जन स्थानों पर दबिश दी थी। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 8 जुलाई को फरियादी लवकुमार मीणा व उसके साथियों पर रामावतार उर्फ गोलू मीणा अन्य ने देशी कट्टे से जानलेवा हमला कर दिया था। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले में वांछित चल रहे आरोपी कुंदन मीणा की गिरफ्तारी को लेकर गठित टीम ने कोटा, बारां, जयपुर के करीब दर्जनभर स्थानों पर लगातार दबिश दी।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश मे जुटी टीम ने तकनिकी अनुसंधान व लगातार मामले में कड़ी मेहनत व साईबर टीम की सहायता लेते हुए फायरिंग की घटना में अवैध देशी कट्टा हथियार सप्लाई करने वाला एवं घटना का षडयंत्रकर्ता मुख्य आरोपी प्रेमपुरा थाना अयाना निवासी हिस्ट्रीशीटर कुन्दन मीणा (36) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

यह था मामला:- ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी लव कुमार मीणा व आरोपी रामावतार उर्फ गोलू के बीच जनवरी माह में फुसोद माताजी भण्डारे के दिन ग्राम रोहिली में हुए झगड़े को लेकर रंजिश चल रही थी, पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी रामावतार उर्फ गोलू मीणा ने अपने साथी अजय मीणा के साथ मिलकर फरियादी पर देशी कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला किया था।

सोने के आभूषण चोरी का इनामी आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। इटावा पुलिस टीम ने सुनार की दुकान से सोने के आभूषण चोरी के दर्ज मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर 5 हजार के इनाम घोषित किया था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 27 मई को फरियादी ने इटावा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा कि दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर सोने के आभूषण खरीदने के लिये आये।

रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात व्यक्तियों ने जेवरात खरीदते समय सोने के झुमके, नथ आदि आभूषण चोरी करके ले गये। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस उप अधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप बिश्नोई के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने इटावा इलाके के एंट्री व एक्जिट के पास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले एवं साईबर टीम द्वारा तकनिकी अनुसंधान किया गया तो मामले में सामने आया कि आरोपी कोटा से इटावा कस्बे में आये और मार्केट में रैकी कर फरियादी की दुकान पर गये। पुलिस टीम ने मामले में पूर्व में एक आरोपी रोशन उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया था एवं एक आरोपी अब्बास उर्फ फयूम फरार चल रहा था।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिये जुटी टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मध्यप्रदेश में संभावित स्थानों पर दबिश दी, आरोपी पर 5 हजार इनाम राशि घोषित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि टीम ने काफी प्रयास करते हुए वांछित फरार इनामी आरोपी जिला रतलाम के हुसैन टैकरी निवासी अब्बास अली उर्फ फयूम टक्कर को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पकड़े गये आरोपी से माल बरामदगी संबधी अनुसंधान जारी है।

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता का सहयोग लोगों को जीवनदान दे रहा है, यह अतुलनीय कार्य कई लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा है, हताश, परेशान को संबल प्रदान करते हुए टीम जीवनदाता एसडीपी उपलब्ध करा रही है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि सोगरिया निवासी मोनिका गोड को डेंगू होने पर उनकी प्लेटलेट 20 हजार से भी कम रह गई थी। परिजन योगेश गोड परेशान हो रहे थे, ऐसे में टीम जीवनदाता से सम्पर्क में आने के बाद उनकी ओ पॉजीटिव एसडीपी उपलब्ध कराकर मदद की गई। गुप्ता ने बताया कि शादी समारोह में व्यस्त अनुपम गुप्ता को कॉल किया तो पहले वह असहज थे, लेकिन किसी के जीवन को बचाने के लिए वह शादी समारोह छोड़ पहले अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने ओ पॉजीटिव एसडीपी डोनेट की।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की

■ 'सड़क से हटे अतिक्रमण और भवन निर्माण की मिले स्वीकृति'

छबड़ा (निसं)। नवनिर्मित सड़क से अतिक्रमण हटाने व नए स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणो द्वारा ज्ञापन सौंप अवगत करवाया कि उदपुरिया से भीलवाडानीचा, भीलवाडाऊंचा व भीलवाड़ी को स्टेट हाईवे से जोड़ने वाली मुख्य सडक जो जर्जर अवस्था में थीं। वर्तमान में जिसका निर्माण प्रक्रियाधीन हैं। ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनो ओर रोड़ की चौड़ाई को बढ़ाया जा रहा हैं। किंतु उदपुरिया गांव के समीप कंजर जाति के कुछ लोगों द्वारा पुन: अतिक्रमण किया जा रहा हैं। यह स्थिति रही तो कि सड़क अतिक्रमण की चपेट में आ सकती हैं। जिससे आवागमन में परेषानियों से जूझना पड़ेगा। वही, भीलवाड़ानीचा स्थित पुराना उच्च माध्यमिक स्कूल जो काफी जर्जर अवस्था में हैं। इस कारण जर्जर भवन ढ़हने की संभावना भी हैं। इसके कारण यहां अध्ययनरत विद्यार्थी चार माह से गांव के ही अटल सेवा केंद्र में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। खुले आसमान के नीचे बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बच्चो का भविश्य कैसे उज्जवल हो सकता हैं। उक्त गंभीर समस्या नवनिर्मित सड़क से अतिक्रमण हटाने व नए स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर संग्राम सिंह मीणा, बाबूलाल मीणा, महावीर धाकड़, शिवराज मीणा, अंकित धाकड, राजेश मीणा, रामेश्वर मीणा, हेमराज मीणा, अजय मीणा आदि किसान मौजूद थे।

'झूठ को जीवन से निकाले एवं सत्य को अपनायें'

कोटा, (निसं)। श्री दिगम्बर जैन मंदिर विज्ञान नगर मे आचार्य प्रज्ञासागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजमल पाटोदी ने बताया कि प्रात: रिद्धी-सिद्धी नगर से आचार्य ने ससंघ विहार किया एवं ईएसआई अस्पताल से भव्य शोभा यात्रा के साथ विज्ञान नगर जैन मंदिर मे मंगल प्रवेश हुआ। मंदिर के द्वार पर समिति के पदाधिकारियों ने पादप्रक्षालन किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि जब किसी झूठ को कई बार बोला जाता है तो वह सत्य लगने लगता है। ये मान्यता ही भ्रम है एवं जीवन के लिए सबसे घातक हैं। इसलिए झूठ को त्यागने का प्रयास करें। आज का मानव पापादि कार्यों को करते हुए सांसारिक सुखो के लिए वस्तुए जोड़ने की ओर लगा रहता है, यह भी वास्तव मे भ्रम है क्योंकि सुख जोड़ने मे नहीं बल्कि सुख तो छोड़ने मे है, अर्थात: जीवन मे वैराग्य आ जाये यही सबसे बड़ा सुख है। यह वैराग्य आत्म जागरण से ही हो सकेगा। मंदिर समिति के मंत्री पी.के.जैन हरसोरा ने बताया कि धर्मसभा से पूर्व मंलगाचरण सुनिता, सुलेखा व प्रमिला ने प्रस्तुत किया। सकल समाज कोटा के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन किया पाद प्रक्षालन महावीर मास्टर ने किया। शास्त्र भेंट आशीष जैयसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज, संरक्षक विमल नान्ता, विनोद टोड़ी, विमल कुमार, रितेश सैठी, बाबूलाल आदि उपस्थित रहे। सांयकाल गुरूभक्ति एवं आनंद यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर समिति के महामंत्री अनिल ठोरा ने बताया कि आचार्य आहारचर्या महावीर मास्टर साहब, विकास के निवास पर हुई।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम हुजेफा से बदलकर नया नाम हुजेफा जोएब बाबजी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-हुजेफा जोएब बाबजी पुत्र जोएब अली, 107 नियर भूरिया गणेश मंदिर गली टिपटा, कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम तसनीम पत्नि हुजेफा से बदलकर नया नाम तसनीम हुजेफा बाबजी पत्नि हुजेफा जोएब बाबजी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-तसनीम हुजेफा बाबजी पत्नि हुजेफा जोएब बाबजी, 107 नियर भूरिया गणेश मंदिर गली टिपटा, कोटा

विद्यार्थियों ने परचम लहराया

छबड़ा (निसं)। ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता यहां के उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुई, जिसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय बाहरी के विद्यार्थियों ने परचम लहरा दिया।

बाहरी के प्रधानाचार्य गोविंदलाल षर्मा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में षीला बैरवा, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रिया गाडरी, एकलगी प्रतियोगिता में नव्या कबाडी, क्विज प्रतियोगिता में भविश्य नागर, आषु भाशण प्रतियोगिता में जिया कष्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्टॉफ ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

31 दिसम्बर तक कराना होगा पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन

■ 'राजस्थान सोशल सिक्योरिटी पेंशन एण्ड आधार फेस'' के माध्यम से भी लाभार्थी के फेस रिकॉग्निशन के आधार पर किया जा सकेगा

कोटा, (निसं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 दिसम्बर तक करवाया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में 1 नवम्बर से कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया की जा रही है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेंशन लाभार्थी द्वारा अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए ई-मित्र कियोस्क या ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर फिंगर प्रिंट से करवाया जा सकेगा। मोबाइल एप ''राजस्थान सोशल सिक्योरिटी पेंशन एण्ड आधार फेस'' के माध्यम से भी लाभार्थी के फेस रिकॉग्निशन के आधार पर किया जा सकेगा। किसी पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी या विकास अधिकारी) द्वारा पेंशन पोर्टल पर लॉगईन कर संबंधित पेंशनर का पीपीओ नम्बर दर्ज करने पर उक्त पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सकेगा। सत्यापन की प्रक्रिया से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन नहीं होने पर पेंशनर को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं के दस्तावेजों यथा पीपीओ, जनआधार आदि के साथ व्यक्तिश: उपस्थित होना होगा। उनके दस्तावेजों की जांच के आधार पर संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा उनका वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सत्यापन करते समय संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन किया जा सकेगा। ऐसे पेंशनर्स जो अत्याधिक वृद्धावस्था (शारीरिक एवं मानसिक अक्षम) जो घर से बाहर जाने में असमर्थ है सत्यापन समस्त संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी या विकास अधिकारी) द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रक्रिया अनुसार 31 दिसम्बर, 2025 तक करवाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कू.भू.रू./2025/666 **विज्ञप्ति** दिनांक:-3.11.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा में स्थित कृषि भूमि योजना आस्था नगर भूखण्ड संख्या 206 खसरा नं. 116 आवेदक/आवेदिका श्री चन्द्र प्रकाश महावर पुत्र श्री ओंकार लाल निवासी प्रेम नगर-I कोटा राज. द्वारा पट्टे हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार खातेदार गणेश पुत्र श्री भूरा द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 25.10.2009 को ओम प्रकाश पुत्र श्री रूपचन्द को किया गया। क्रेता ओम प्रकाश द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकरारनामा दिनांक 12.01.2013 को श्रीमती मनोरमा पत्नि श्री प्रहलाद कुमार के पक्ष में किया गया। क्रेता मनोरमा द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये इकारानामा दिनांक 14.05.2014 को जानकी लाल महावीर पुत्र श्री मूलचन्द के पक्ष में किया गया है। क्रेता जानकी लाल महावीर की मृत्यु संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 19.09.2020 को हो चुकी है। संलग्न वारिसान प्रमाण पत्र अनुसार मृतक के विधिक वारिसान पत्नि विमला बाई, पुत्र महेश कुमार, कैलाश महावर, पुत्र मंजू लता महावर है। वारिसान विमला बाई, महेश कुमार, कैलाश महावर, मंजू लता महावर द्वारा संलग्न जर्ये इकरारनामा/मुख्तारआम दिनांक 11.12.2023 से उक्त भूखण्ड का बैचान आवेदक श्री चन्द्र प्रकाश महावर पुत्र श्री ओंकार जाल को किया गया है।

अत: वारिसान द्वारा प्रस्तुत इकरारनामा/मुख्तारआम व शपथ पत्र के आधार पर श्री चन्द्र प्रकाश महावर पुत्र श्री ओंकार लाल के पक्ष में पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2213 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 3.11.2025

आवास संख्या 3-ई-22 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री नरेन्द्र मोहन जैन को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्यनाराण शर्मा के नाम दिनांक 15.02.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्यनाराण शर्मा के नाम दिनांक 11.03.2010 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्यनाराण शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 31.10.2013 को श्रीमती भारती शर्मा पत्नी श्री रवीन्द्र प्रकाश एवं श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा को संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा द्वारा उक्त आवास में अपने अविभाजित 1/2 हिस्से का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 18.09.2018 को श्रीमती भारती शर्मा पत्नी श्री रवीन्द्र प्रकाश का किया गया श्रीमती भारती शर्मा पत्नी श्री रवीन्द्र प्रकाश का नाम दिनांक 14.03.2019 को दान पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती भारती शर्मा पत्नी श्री रवीन्द प्रकाश द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 18.03.2019 का श्री दिलीप जैन पुत्र श्री ताराचन्द जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन पत्नी श्री दिलीप जैन को किया गया श्री दिलीप जैन पुत्र श्री ताराचन्द जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन पत्नी श्री दिलीप जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ई-22 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रूप से अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री दिलीप जैन पुत्र श्री ताराचन्द जैन एवं श्रीमती पियंका जैन पत्नी श्री दिलीप जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रूप से दर्ज करने में कसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री दिलीप जैन पुत्र श्री ताराचन्द जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन पत्नी श्री दिलीप जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री दिलीप जैन पुत्र श्री ताराचन्द जैन एवं श्रीमती प्रियंका जैन पत्नी श्री दिलीप जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रूप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

Government of India/भारत सरकार
Ministry of Communications/संचार मंत्रालय
Department of Telecommunications/दूरसंचार विभाग
Office of the Controller of Communication Accounts/
कार्यालय नियंत्रक संचारलेखा
Sanchar LekhaBhawan, Jhalana Doongari Institutional Area, Jaipur -302 004
संचार लेखा भवन, झालाना डूंगरी संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004

सूचना

कार्यालयः नियंत्रक संचार लेखा, संचार लेखा भवन, झालाना डूंगरी, जयपुर द्वारा दूरसंचार विभाग के पेंशनरों का डिजीटल जीवन प्रमाणपत्र अपडेट करने एवं के.वाई.पी संग्रहण (जिन पेंशनरों ने CCA कार्यालय में पूर्व में KYP नहीं दिया है) हेतु विशेष शिविर, माह नवम्बर 2025 में राजस्थान परिमण्डल के विभिन्न जिलों के बीएसएनएल कार्यालयों में निम्नानुसार आयोजित किये जायेंगेः-

क्र.सं.	स्थान	दिनांक
1.	भरतपुर	04.11.2025
2.	सवाई माधोपुर	06.11.2025
3.	जोधपुर	10 & 11.11.2025
4.	अजमेर	10 & 11.11.2025
5.	भीलवाड़ा	11.11.2025
6.	झुंझुनूं	13.11.2025
7.	सीकर	14.11.2025
8.	पाली	17.11.2025
9.	उदयपुर	20 & 21.11.2025
10.	बीकानेर	21.11.2025
11.	श्रीगंगानगर	25.11.2025
12.	कोटा	27 & 28.11.2025
13.	जयपुर-सीसीए कार्यालय में	03 से 28 नवम्बर 2025 तक (केवल कार्य दिवस पर)*

***नियत्रक संचार लेखा कार्यालय जयपुर में दिनांक 18.11.2025 को दूरसंचार / बीएसएनएल पेंशनरों के लिये चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा**

सभी दूरसंचार पेंशनरों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित जिला कैंप में उपस्थित होकर डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र एवं प्रक्रिया पूर्ण करवाएं।

CBC 06219/11/0002/2526 **संयुक्त नियन्त्रक संचार लेखा**

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिकोउ/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/15388 दिनांक: 3.11.25

स्वामित्व हस्तान्तरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री महेन्द्र यादव पुत्र श्री राधेलाल याद